दिन– मंगलवार — दिनांक– 28 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। — अवधि– 15 मिनट

---

01. उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न। व्रतियों ने भगवान भास्कर से की परिवार और समाज की खुशहाली की कामना।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई नेताओं ने महाअनुष्ठान में लिया भाग।

03. महागठबंधन का साझा घोषणा पत्र आज जारी किये जाने की संभावना। पटना में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव प्रस्तुत करेंगे घोषणा पत्र।

04. और, राजद ने महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कई मौजूदा और पूर्व विधायक समेत सत्ताईस नेताओं को पार्टी से निष्काषित किया।

---

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया।

———म्यूजिक———

देर रात से ही व्रती और परिजन विभिन्न छठ घाटों पर इक्ठ्ठा होने लगे थे। भगवान भास्कर के दर्शन देते ही अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया। राजधानी पटना समेत प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया।

———म्यूजिक———

व्रतियों ने अपने घरों के बाहर बने कुंड और छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य दिया। इस मौके पर छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

हमारे जिला संवाददाताओं ने बताया है कि महापर्व छठ श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा। हमारे पटना संवाददाता ने बताया

कि दानापुर में छठ महापर्व के अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

———रिपोर्ट———

पटना जिले में छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग का माहौल है। दानापुर के कचहरी घाट पर सुबह लगभग 3 बजे से ही छठ व्रती और उनके परिजन कतारों में खड़े नजर आए। ढोल—मंजीरे की धुन और छठ गीतों की श्रद्धा भरी लय के बीच लोग गंगा किनारे कोसी भरते और भगवान भास्कर से अपने परिवार की सुख—समृद्धि की कामना करते दिखे। भागलपुर से छठ मनाने आईं एक व्रती ने बताया कि व्यवस्था इस बार काफी बेहतर है।

———बाइट———छठव्रती——

जिला प्रशासन, विभिन्न छठ पूजा समितियों और स्वयं सेवी संगठनों से जुड़े लोग भी व्रतियों की सुविधा और उनके स्वागत में जुटे रहे। व्रत के समापन के बाद कई पूजा समितियों की ओर से व्रतियों और अन्य श्रद्धालुओं के लिये जलपान की व्यवस्था भी की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना के कचहरी घाट से आशीष रंजन।

औरंगाबाद के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देव के पौराणिक सूर्य कुंड में आज सुबह करीब आठ लाख छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

आज अहले सुबह देशभर से आए छठव्रतियों ने पौराणिक सूर्यकुंड में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चार दिनों का पवित्र अनुष्ठान संपन्न हो गया। लोक मान्यता है कि देव में छठ व्रत करने से भगवान भास्कर की साक्षात उपस्थिती की रोमांचक अनुभूति होती है और मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है। त्रेतायुगीन देव सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार अभी भी लगी हुई है और लोग बारी — बारी से भगवान भास्कर का दर्शन — पूजन कर रहे हैं। पूरे मेला परिसर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

नवादा जिले के द्वापरयुगीन हड़िया सूर्य मंदिर के पास स्थित जलाशय में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

महापर्व छठ के अवसर पर हड़िया सूर्य मंदिर परिसर के चारो ओर श्रद्धा और विश्वास का समागम लगा रहा। मान्यता है कि इस सूर्य मंदिर का निर्माण भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब ने कराया था। राज्य के विभिन्न भागों के साथ ही झारखंड और पश्चिम बंगाल से आये श्रद्धालुओं ने प्राचीन सरोवर में कमर भर पानी में खड़े होकर सूर्य उपासना की और परिवार, समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। व्रतियों ने उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छत्तीस घंटे के निर्जला व्रत का पारन किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

नालंदा के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर बड़गांव में महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ का महाअनुष्ठान पूरा किया।

———रिपोर्ट———

नालंदा के सुप्रसिद्ध सूर्य धाम बड़गांव में हजारों छठव्रति श्रद्धालुओं ने आज सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। चार दिवसीय महापर्व के दौरान सूर्य धाम परिसर में आस्था, श्रद्धा और विश्वास का अप्रतिम वातारवण बना रहा। इस अवसर पर पूरा इलाका छठी मईया के गीतों से गूंजता रहा। देश—विदेश से भी हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। जिला प्रशासन ने छठ को लेकर घाटों की स्वच्छता और श्रद्धालुओं के सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये थे। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चार दिवसीय छठ अनुष्ठान के दौरान महापूजा की हमारी भव्य परंपरा के दिव्य दर्शन हुए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री मोदी ने पावन पर्व का हिस्सा बनने वाले सभी व्रतियों और श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित अपने सरकारी आवास पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने पटना में सूर्य उपासना पर्व में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने हाजीपुर में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने किशनगंज में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि सूर्य उपासना से सबका कल्याण होता है।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने आज अररिया में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने पटना में उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी छठ के अवसर पर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना की।

---

देश के विभिन्न राज्यों में भी प्रवासी बिहारियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ छठ पर्व मनाया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी प्रवासियों के बीच उपस्थित होकर सूर्य उपासना के महापर्व में भागीदारी की।

---

लोक आस्था के महापर्व छठ के संपन्न होने के साथ ही विधानसभा चुनाव के प्रचार में एक बार फिर तेजी आ गयी है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज सारण जिले के मांझी, मढौरा, अमनौर, गरखा समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी आज पटना में कई चुनावी सभाओं में भाग लेंगी। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे लोक गायिका मैथिली ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जन सभाएं करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी कल मुजफ्फरपुर के सकरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस अक्टूबर को छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो भी करेंगे।

---

महागठबंधन की ओर से आज साझा घोषणा पत्र का ऐलान होने की संभावना है। पटना में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव और घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के भी मौजूद रहने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार घोषणा पत्र में प्रत्येक परिवार एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, माई–बहिन मान योजना और जीविका दीदियों को दो हजार रुपये भत्ता देने की घोषणा को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जा सकता है।

---

राष्ट्रीय जनता दल ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और अन्य पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कई मौजूदा विधायक समेत सत्ताईस नेताओं को पार्टी से निष्काषित कर दिया है। पार्टी ने आदेश जारी कर परसा विधायक छोटे लाल राय, गोविंदगंज विधायक मोहम्मद कामरान, पूर्व विधायक राम प्रकाश महतो, पूर्व विधायक अनिल सहनी, परिहार से निर्दलीय चुनाव लड़ रही रितू जायसवाल समेत कई वरिष्ठ नेताओ को छह वर्ष के लिए दल से बाहर कर दिया है। इधर, भाजपा की भागलपुर जिला इकाई ने भी चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और अनुशासनहिनता के मामले में कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के संयोजक पवन चौधरी समेत जिला इकाई के पांच मंडल अध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

---

मशहूर वेब सीरीज पंचायत के चर्चित कलाकार माधव उर्फ बल्लू ने नवादा जिले के मिर्जापुर सूर्य मंदिर में आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।

———बाइट———

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न। व्रतियों ने भगवान भास्कर से की परिवार और समाज की खुशहाली की कामना।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई नेताओं ने महाअनुष्ठान में लिया भाग।

03. महागठबंधन का साझा घोषणा पत्र आज जारी किये जाने की संभावना। पटना में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव प्रस्तुत करेंगे घोषणा पत्र।

04. और, राजद ने महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कई मौजूदा और पूर्व विधायक समेत सत्ताईस नेताओं को पार्टी से निष्काषित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।